प्रधान टाइम्स

एम्स ऋषिकेश में आउटरीच कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रधान टाइम्स ब्यूरो

ऋषिकेश। नए श्रम संहिताओं पर नियोक्ता अनुपालन हेतु एम्स ऋषिकेश में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्र सरकार के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने नियोक्ता की जिम्मेदारियों और नए श्रम कानूनों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के आउटरीच सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय श्रमायुक्त देहरादून दिनेश कुमार ने केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए श्रम सुधारों के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनका अनुपालन, पारदर्शिता, श्रमिक कल्याण, व्यापार करने में सुगमता तथा नए विधायी ढांचे के पालन के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने कर्मचारियों के वेतन, सामाजिक सुरक्षा, व्यावसायिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और शिकायत निवारण तंत्र से संबंधित प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने नई श्रम संहिताओं के विभिन्न पहलुओं और संस्थागत प्रशासन, श्रम अनुपालन, संविदात्मक जुड़ाव, कल्याणकारी प्रावधानों और नियोक्ता की जिम्मेदारियों पर उनके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। इससे पूर्व संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने क्षेत्रीय श्रमायुक्त का स्वागत करते हुए प्रशासनिक दृष्टि से कार्यक्रम को लाभकारी बताया और कहा कि इस कार्यक्रम से नई श्रम संहिताओं से संबंधित व्यावहारिक चुनौतियों, संस्थागत जिम्मेदारियों और कार्यान्वयन की कार्यप्रणालियों को समझने का अवसर प्राप्त होगा सत्र के दौरान कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के अलावा संस्थान के उप निदेशक प्रशासन ले. कर्नल गोपाल मेहरा, वित्त अधिकारी चांदराम, लेखा अधिकारी राजेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मुकेश पाल, विधि अधिकारी प्रदीप चंद्र पांडे सहित डीएमएस डॉ. रवि कुमार, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी अनिल चंद्र सिंह, डॉ. पूजा भदौरिया, कार्यवाहक प्रशासनिक अधिकारी सुभाष कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

श्रम आयुक्त ने नये श्रम कानूनों की दी जानकारी

कार्यक्रम

ऋषिकेश, संवाददाता। एम्स ऋषिकेश में नए श्रम संहिताओं पर नियोक्ता अनुपालन के लिए आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र सरकार के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने नियोक्ता की जिम्मेदारियों और नए श्रम कानूनों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

बुधवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय श्रमायुक्त देहरादून दिनेश कुमार ने केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए श्रम सुधारों के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

एम्स ऋषिकेश में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नये श्रम कानूनों की जानकारी देते क्षेत्रीय श्रमायुक्त देहरादून दिनेश कुमार। ● हिन्दुस्तान

उन्होंने नई श्रम संहिताओं के विभिन्न पहलुओं और संस्थागत प्रशासन, श्रम अनुपालन, संविदात्मक जुड़ाव, कल्याणकारी प्रावधानों और नियोक्ता की जिम्मेदारियों पर उनके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नई श्रम संहिताओं के विभिन्न पहलुओं का अनुपालन, पारदर्शिता, श्रमिक कल्याण, व्यापार करने में सुगमता तथा नए विधायी ढांचे के पालन के महत्व को बताया। उन्होंने कर्मचारियों के वेतन, सामाजिक सुरक्षा, व्यावसायिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और शिकायत निवारण तंत्र से संबंधित प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौके पर कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, संस्थान के उप निदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल गोपाल मेहरा, वित्त अधिकारी चांदराम, लेखा अधिकारी राजेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मुकेश पाल, विधि अधिकारी प्रदीप चंद्र पांडे, डीएमएस डॉ. रवि कुमार मौजूद रहे।

UNIवार्ता
UNITED NEWS OF INDIA

एम्स ऋषिकेश में नए श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ऋषिकेश, 20 मई (वार्ता) उत्तराखंड के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में बुधवार को केन्द्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के आउटरीच सेल द्वारा नए श्रम संहिताओं एवं नियोक्ता अनुपालन विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय श्रमायुक्त, देहरादून दिनेश कुमार ने नई श्रम संहिताओं के प्रावधानों और नियोक्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय श्रमायुक्त ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे श्रम सुधारों का मुख्य उद्देश्य श्रमिक कल्याण को बढ़ावा देना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा व्यापार करने में सुगमता लाना है। उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताएं संस्थागत प्रशासन को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। **विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।.**